>

Title: Need to Airport facility in Ajmer in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): सभापति महोदया, अजमेर सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन की दृष्टि से बड़ा महत्वपूर्ण नगर है। यह राजस्थान के बीचों बीच स्थित है। सन् 1956 तक यह केन्द्र शासित प्रदेश रहा। यहां सभी धर्मों की संगम स्थली है। चाहे महामहिम राष्ट्रपति हों, प्रधान मंत्री जी हों, सभी दलों के नेता हों या सांसद हों, सब अजमेर शरीफ में और पुष्कर आना चाहते हैं।

सभापति महोदया: सबको वहां ले जाएं।

प्रो. रासा सिंह रावत : लेकिन अभी तक अजमेर हवाई यातायात से जुड़ा हुआ नहीं है। देशी-विदेशी पर्यटक जो वहां जाते हैं, उन्हें काफी असुविधा होती है, क्योंकि वे पहले प्लेन से जयपुर जाते हैं और फिर वहां से रोड से अजमेर पहुंचते हैं। अजमेर को हवाई यातायात से जोड़ने के लिए वहां हवाई अड्डा स्थापित किया जाए। अजमेर स्वतंत्रता संग्राम की रणस्थली रही है। राजपूताना में सब रियासतें थीं, सब रजवाड़े थे। आजादी की लड़ाई अजमेर को केन्द्र में रखकर वहीं लड़ी गई। महात्मा गांधी जी वहां आए, जमनालाल बजाज भी आए, जवाहर लाल नेहरू जी, लोकमान्य तिलक जी सारे लोग अजमेर आए।

सभापति महोदया: इतिहास की किताबों में यह सब कुछ है।

प्रो. रासा सिंह रावत : ब्रिटिश काल में भी और मुगल काल में भी अजमेर महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है, लेकिन वह आज भी हवाई अड्डे से वंचित है। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि वहां शीघ्र ही हवाई अड्डा बनाकर अजमेर को भी हवाई यातायात से जोड़ा जाए।

MADAM CHAIRMAN: Shri J.M. Aaron Rashid to speak now.

SHRI J.M. AARON RASHID (PERIYAKULAM): Madam, I would like to speak from here. I want to speak in Tamil.

MADAM CHAIRMAN: I think you did not give notice.

SHRI J.M. AARON RASHID : The Tamil Interpreter is there. It is very important....(*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Please wait because there is no interpretation. It will not go on record.

SHRI J.M. AARON RASHID : I will speak in English.

MADAM CHAIRMAN: It is better.